**खबर संक्षेप**

### हनुमान जयंती पर होंगे नगर में आयोजन, राममंदिर भुआ में होगी अखंड रामधुन



**भुआबिछिया।** 12 अप्रैल 2025 को महावीर पवन पुत्र अंजनी सुत वीर हनुमान जी के जन्म उत्सव मनाने सम्पूर्ण नगर सहित क्षेत्र में प्रत्येक मंदिर में बृहद तैयारियां की जा रही है इसी कड़ी में राममंदिर हनुमान मंदिर भुआ, में शनिवार को हनुमान जयंती पर एक दिन पूर्व से रामधुन का आयोजन किया गया है जहां क्षेत्र के आस पास से सुंदर धुन ओर लय बद्ध राम धुन गाने वाली टीमें आएगी और चौबीस घंटे राम धुन शुक्रवार शाम 4 बजे से दूसरे दिन शाम तक रामधुन का अखंड आयोजन किया जा रहा है पश्चात प्रसादी स्वरूप विशाल भंडारा राममंदिर समिति के आयोजन में किया जाएगा इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रत्नेश यादव ओर समस्त पदाधिकारियों ने समस्त क्षेत्र के श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या मे आकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है इसी अवसर पर क्षेत्र के समस्त मंदिरों में सजावट और तैयारियां चल रही हैं, हनुमान नाला हनुमान मंदिर राष्ट्रीय राज मार्ग, हनुमान टेकरी, वियर हाउस जनपद कॉम्प्लेक्स, जतीपुर हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा निकली जाएगी, रेस्ट हाउस, भुआ मोहल्ला चौक समस्त मंदिरों में आयोजन किए जाएंगे।

### सर्फिंग और फ्लाई बोर्ड पर संतुलन बनाना कठिन, लगाने पड़ रहे पानी में गोते

# रोमांच पैदा कर रही हॉट एयर बलून, पैरामोटर की उड़ान

*** झील महोत्सव में साहसिक गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम मोह रहे मन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बरगी के देवरी बकई में चल रहे झील महोत्सव में रोमांच की लहरें उठ रही हैं। पैरामोटरिंग, हॉट एयर बलून के माध्यम से जहां आकाश नापने वाले पहुंच रहे हैं वहीं पानी पर दिलचस्प गतिविधियां देखने मिल रही हैं। पानी में गिरना फिर उठना और फिर गिर जाना ऐसे दृश्य आम बात है। सर्फिंग और फ्लाई बोर्ड जैसी राइड्स में संतुलन बनाने के लिए पानी में गोते लगाने पड़ रहे हैं। नर्मदा की सुरम्य वादियों में चल रहे झील महोत्सव में साहसिक गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हो रहे हैं। शुक्रवार को हॉट एयर बैलून पर्यटकों के आकर्षक का केंद्र रहा। इसके साथ-साथ उड़ान भरते पैरामोटर ने आसमान में लाल-पीले रंग बिखेर दिए। उधर वाटर स्पोर्ट्स के अंतर्गत बनाना राइड, वाटर स्कूटर और फ्लाई बोट जैसी राइडों का आंनद पर्यटक उठा रहे हैं।

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी) और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन और संस्कृति परिषद (जेएटीसीसी) के 15 दिवसीय आयोजन में बच्चे जहां बरमा ब्रिज और रॉक क्लबिंग का मजा ले रहे हैं, वहीं युवा बंजी जंपिंग और एटीवी बाइक का सभी राइड्स सतपुड़ा स्पोर्ट्स क्लब, पचमढ़ी के प्रशिक्षित युवा करा रहे हैं।

### पर्यटन सखियाँ के केनवास बैग की मांग

महोत्सव में लगे डोम में लगा पर्यटन सखियों का स्टॉल लोगों को लुभा रहा है। एमपीटीबी की ऑरेंज अंब्रेला योजना के अंतर्गत यहां पर्यटन सखियों के हाथ से बने केनवास के थैलों पर बनी जबलपुर के बैलेंसिंग रॉक, घंटाघर आदि आकृति आंखों में चमक ला देते हैं। ये हस्तशिल्प बनाने वाली यह कलाकार महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन योजना के अंतर्गत आत्मनिर्भर बनी हैं।



### स्विस टेंट में आराम, जल क्रीड़ा का आनंद

मंडला मार्ग पर स्थित समाधि रोड से आगे बरगी बांध के पहाड़ियों व द्वीपों से घिरे नर्मदा तट पर पर्यटकों के रुकने के लिए टेंट सिटी बनाई गई है। यहां लगे स्विस टेंट अलग अनुभव करा रहे हैं।

### बाइक रैली कल

रविवार को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ बाइक रैली शाम 4 बजे भंवरताल गार्डन से झील महोत्सव स्थल देवरी तक का सफर पूर्ण करेगी। रैली का आयोजन मोटुल की ओर से कराया जा रहा है। रैली के लिए 50 लोगों ने पंजीयन करा लिया है। गुरु नमन कथक कला केंद्र के कलाकारों ने नीता दीक्षित के नेतृत्व में गणेश वंदना और सुआ नृत्य किया।

## पर्यटन को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को प्राथमिकता से शामिल करें-अभय वर्मा



*** कान्हा टाईगर रिजर्व के ईको सेंसटिव जोन के स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कान्हा टाईगर रिजर्व की स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक खटिया स्थित ईको सेंटर में संपन्न हुई। बैठक में आयुक्त जबलपुर संभाग श्री अभय वर्मा ने पर्यटन सीजन 2024-25 में आवश्यक सुझाव के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियों को प्राथमिकता से शामिल करें। इस अवसर पर विधायक बिछिया श्री नारायण पट्टा, विधायक बैहर श्री संजय उइके, कलेक्टर बालाघाट श्री मृणाल मीणा, प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट सहित कान्हा टाईगर रिजर्व के अधिकारी एवं सलाहकार समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन के प्रस्तुतिकरण पर चर्चा की गई। साथ ही मुक्की प्रवेश द्वार में नवीन पर्यटक वाहनों के पंजीयन, पंजीकृत पर्यटक वाहन मालिक के नाम से एक से अधिक वाहनों के पंजीयन, मुक्की एवं खटिया प्रवेश द्वार में पर्यटक वाहन चालकों को प्रतिमाह उपलब्ध हो रहे रोजगार, आवश्यकतानुसार वाहनों की वृद्धि, अनुसूचित जनजाति समुदाय के युवा वर्ग को सफारी हेतु शासकीय अनुदान से नए सफारी वाहन उपलब्ध कराने, कान्हा में कार्यरत अस्थायी वनकर्मियों को नवीन पर्यटक वाहन की अनुमति, प्रवेश द्वार मुक्की एवं खटिया में आवश्यकतानुसार नवीन गाईडों की वृद्धि, ईको सेंसिटिव जोन के बाहर होटल, रिसोर्ट निर्माण हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा, खटिया एवं मुक्की में स्थापित वेस्ट डिस्पोजल संयत्र के संचालन, ईको सेंसिटिव जोन में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। संभाग आयुक्त श्री अभय वर्मा ने कहा कि कान्हा टाईगर रिजर्व महाकौशल क्षेत्र का प्रमुख पर्यटन स्थल है, यहां सैलानियों की बड़ी संख्या प्रतिवर्ष आती है इसलिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराते हुए रोजगार के बेहतर अवसर उत्पन्न किए जा सकते हैं।

### परामर्शदाता कड़ी मेहनत से कर रहे लोगों को जागरूक

**मण्डला।** नारायणगंज विकासखंड के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान से लोगों को जोड़ने विविध गतिविधियां की जा रही है। जल संरक्षण का यह अभियान जनता का अभियान बने इसके लिए दीवार लेखन किया जा रहा है। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए म.प्र. जन अभियान परिषद (योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की पहल पर विकासखंड नारायणगंज में जल संवर्धन और संरक्षण को लेकर सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए परामर्शदाताओं के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत दीवार लेखन कर लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

### बम्हनी क्षेत्र में जोरो से चल रहा जुआ के फड़

**बम्हनीबंजर।** बम्हनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर व आसपास के इलाके में जुआ के फड़ सुबह ही सज जाते हैं, जुआ के अड्डे कानून व्यवस्था का खुला मजाक उड़ा रहे हैं। पुलिस की संरक्षण में चल रहे इस खेल से युवा पीढ़ी तबाह हो रही है, जिनके भविष्य को लेकर अभिभावक भी चिंतित व परेशान हैं। जबकि अवैध रूप से खेले जा रहे खेल से पुलिस खुद को अनजान बता रही है। सूत्रों के अनुसार बम्हनी के अलावा ग्राम झाडूटोला, टिकरी तालाब के पास, देवगांव में जुए का खेल निर्बाध गति चल रहा है। ऐसा भी नहीं कि इसकी जानकारी पुलिस को नहीं है। इसके बाद भी इस पर रोक या कार्रवाई की बात सामने नहीं आई है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अवैध गतिविधि खेल पर रोक लगायी जाए ताकि लोगों की मेहनत की कमाई बर्बाद न हो।

### 15 दिवसीय प्रशिक्षण में इन विषयों की दी जाएगी जानकारी

**मण्डला।** आयोजित बकरी पालन प्रशिक्षण में पशुपालन से जुड़े नियम-कानूनों, शासकीय योजनाओं, और स्वरोज़गार की जानकारी, अत्याधुनिक तरीके से पशुपालन करने , पशुपालकों को बीमा दावा और बैंकिंग प्रणाली के बारे में भी जानकारी, ट्रेनिंग में बकरी की नस्लों, बकरियों का आवास, पोषण, टीकाकरण, प्रजनन, और व्यवसाय चलाने के तरीके की जानकारी, जानकार प्रशिक्षकों, विभागीय अधिकारियों द्वारा बकरी पालन से जुड़ी योजनाएं, बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र एवं मध्य प्रदेश सरकार ने 'बकरी इकाई योजना',केंद्र सरकार की नेशनल हार्वेस्टर मिशन नाम से बकरी पालन योजना की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफ़िकेट दिया जाएगा। अतिथियों के साथ संकुल सहयोगी नरेश राजपूत, जनपद सदस्य मेवालाल धुर्वे, सरपंच वैजयंती कुर्वेती, मुकेश धुर्वे, प्रशिक्षु महिलाए सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## थाना बम्हनी क्षेत्र में बिजली के तार से करेंट लगने से घायल हुआ 50 वर्षीय व्यक्ति

*** डायल-112/100 जवानों ने पहुँचाया अस्पताल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला के थाना बम्हनी क्षेत्र पोंडी गाँव में बिजली करेंट लग जाने से एक व्यक्ति घायल हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 11-04-2025 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बम्हनी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक गणेश सिंह एवं पायलेट रत्नेश दुबे ने मौके पर पहुँचकर बताया कि घरेलू काम करते समय बिजली के तार से करेंट लगने से घायल हुए 50 वर्षीय बलम भावर निवासी ग्राम पौड़ी मरार टोला घायल हो गए थे। डायल 112/100 जवानों ने पीड़ति को एफ आर व्ही वाहन से ले जाकर बम्हनी अस्पताल में भर्ती करवाया जहाँ घायल व्यक्ति का उपचार किया जा रहा है।

### निवास में भव्यता से मनाई गई भगवान महावीर जयंती



**निवास।** प्रत्येक वर्षानुसार इस बार भी निवास के सर्व जैन समाज द्वारा सत्य, अहिंसा, करुणा के भगवान तीर्थंकर महावीर की उत्साह पूर्वक जयंती मनाई गई। सुबह पुरानी बस्ती स्थित प्राचीन जिनालय से भगवान के जयघोष के साथ वाहन रैली निकाली गई जिसका कुछ वर्षों पूर्व स्वामी विवेकानंद तिराहे के नजदीक निर्मित भगवान जी के मंदिर पहुँची जहां धर्मावलंबियों द्वारा दिन भर जिनवाणी व महापुरुषों के प्रवचन सुनने का दौर चलता रहा। ज्ञात हो कि निवास का सकल जैन समाज युग पुरुष भगवान महावीर की जयंती बड़े गौरवशाली रूप से मनाता है, जिसमें जैन समाज का हर परिवार छोटे बच्चों सहित झांकी चल समारोह में शामिल होते हैं, इस पूरी रैली में ढोलक मजीरे वाद्य यंत्रों के बीच भगवान के गीत गाये जाते हैं, पश्चात सांध्य समय में प्रसाद वितरण बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## समाज के सभी वर्ग के कल्याण के काम कर रही है केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार

*** भाजपा के लिए दल से बड़ा देश है-प्रफुल्ल मिश्रा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



नगर के कॉम्प्लेक्स में भारतीय जनता पार्टी के सक्रीय सदस्यों के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पं. दिनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत स्थानीय कार्यकर्ताओं ने किया। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के सक्रीय सदस्यों का सम्मान किया गया।

मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके ने अपने उद्बोधन में भारतीय जनता पार्टी की शुरुआत से लेकर वर्तमान तक के सफर पर प्रकाश डाला, भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और जनमानस को उनसे मिलने लाभ पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर वर्ग के लोगों की चिंता करते हुए सभी के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई, ऐसे निर्णय लिए जिससे देश की अंतिम पंक्ति के प्रत्येक व्यक्ति को सभी अधिकार मिलें और योजनाओं का लाभ मिले, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों ने अभूतपूर्व कार्य किया है।

जिला अध्यक्ष भाजपा प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा भाजपा के लिए दल से बड़ा देश है, इसीलिए पार्टी का हर कार्यकर्ता 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना के साथ समाज की सेवा में अविराम गतिशील है। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे, पूर्व निगम अध्यक्ष अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह कोकड़िया, डॉ. विजय आनंद मरावी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और पार्टी के लिए समर्पण से कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन बलरामपुरी गोस्वामी एवं आभार प्रदर्शन नप अध्यक्ष रजनी मरावी ने किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके, कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार, जिला महामंत्री द्वय उमेश ठाकुर,नीरज मरकाम, विधानसभा प्रत्याशी डॉ. विजय आनंद मरावी, पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्व, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती मरावी, पूर्व विधायक झल्लू लाल तेकाम, नगरपरिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, जिला उपाध्यक्ष अशोक नानकानी, विधानसभा बिछिया के बिछिया नीरज भट्ट, घुघरी सुरेन्द्र धुर्वे, मवई से प्रहलाद मरकाम, घुटास अनूप सरोते, अंजनिया नीरज पटेल, सलवाह राजकुमार चोकसे मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, मातृशक्तियां, युवा, वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बैठक** | सांसद श्री कुलस्ते ने आदि उत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर की बैठक।

# 2 से 4 मई तक रामनगर में आदि उत्सव का होगा आयोजन

*** महामहिम राष्ट्रपति का आदि उत्सव में संभावित दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित।**


हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



02 से 04 मई तक रामनगर में आदि उत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। आदि उत्सव मे महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपती मुर्मू जी का आगमन प्रस्तावित है। कार्यक्रम की व्यापक तैयारियाँ को लेकर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने जिले के अधिकारियों की बैठक कर आदि उत्सव के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की, इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विनोद मरावी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में श्री कुलस्ते ने कहा कि आगंतुकों के लिए भोजन, बैठक, पेयजल का भी व्यापक प्रबंध किया जाना है। कार्यक्रम स्थल पर यतायात पार्किंग आगमन एवं प्रस्थान मार्ग पृथक-पृथक करने के साथ कार्यक्रम स्थल में साज-सज्जा की तैयारियां करने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि आयोजित कार्यक्रम का प्रचार प्रसार हो ताकि में अधिक से अधिक नागरिक उत्सव में शामिल होकर इसे सफल बना सकें।

## खबर संक्षेप

### आज होगा 108 सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** हनुमान जयंती के चलते आज नगर सहित क्षेत्र के गांवों में अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगे। वही दूसरी ओर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय चन्द्रकेशर कालोनी इन्द्रा वार्ड स्थित ऋण मुक्तेशर धाम शिव मंदिर आज हनुमान जयंती के पावन अवसर पर दिन शनिवार को प्रातः 7 बजे से 108 सुन्दकान्ड पाठ का आयोजन श्री रामभद्र सेवा मंडल गाडरवारा द्वारा किया जावेगा। जानकारी के अनुसार ऋणमुक्तेश्वर धाम शिवमंदिर चन्द्रकेशर कालोनी में प्रातः 7 बजे से 108 सुन्दकांड पाठ राम रक्षा स्तोत्र का पाठ तथा पाठ पश्चात हवन आरती एवं सायं 5 बजे से कन्या भोज के बाद प्रसादी भंडारा का आयोजन किया किया जावेगा। ज्ञात हो कि पिछले कई वर्षो से शिव मंदिर में प्रति मंगलवार को सुन्दरकाण्ड पाठ किया जाता हैं एवं हनुमान प्रकटोत्सव पर 108 सुन्दकान्ड पाठ श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता हैं , श्री रामभद्र सेवा मंडल चन्द्रकेशर कालोनी द्वारा इस अद्भुत अवसर पर 108 सुन्दरकाण्ड पाठ में भाग लेने हेतु श्रद्धालुओं से अनुरोध किया हैं कि उपस्थित होकर सुन्दकान्ड पाठ में भाग लेकर पुण्य के भागी बनें।

### लोडिंग आटो ने मारी टक्कर

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर की वृन्दावन कालोनी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने साथी अभिषेक केवट के साथ कहा जा रहा था उसी दौरान ग्राम कौड़िया हनुमान मंदिर के पास पहुंचे तो एक लोडिंग आटों चालक द्वारा अपने आटों को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी सहित उसके साथी को चोटे आने पर पुलिस ने आरोपी आटों चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बाइक की टक्कर से घायल

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम अर्जुनगांव खिरिया निवासी राहुल पिता राम गोपाल अहिरवार उम्र 24 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से कही जा रहा था उसी दौरान सालीचौका पौडार तिरहा के पास मोटर सायकल **TVS** स्पोर्ट क्रमॉक **MP**49 **MR** -9129 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी मोटर साईकिल को चलाते हुये टक्कर मारकर चोट पहुंचाई जिसके चलते पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। वही दूसी ओर इस घटना में दूसरे पक्ष के मोटर साईकिल चालक सुरेन्द्र पिता कारेलाल नौरिया निवासी सिरसिरी की शिकायत पर भी मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### उधारी के पैसा मांगने की बात पर की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के जमाडा रोड महाराणा प्रताप वार्ड निवासी एक किराना दुकान के संचालक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे घर के सामने रहने वाला विपिन जो दुकान से किराने के समान ले जाता रहता था। बीते हुये दिवस जब वह दुकान पर समान लेने के लिये आया तो प्रार्थी द्वारा पूर्व में उधार ले गये सामन की उधारी के पैसा मांगे गये तो आरोपी द्वारा गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम किया है।


नगर में युवादल द्वारा निकाली जावेगी भव्य रैली, नगर को महाकुंभ की तर्ज पर सजाते हुये दिख गया मनमोहक स्वरूप

# आज हनुमान जी के जन्मोत्सव मौके पर रामभक्त मारूति के मंदिरों में होंगे पूजन सहित अनुष्ठान

### पवन पुत्र से सुख समृद्वि के लिये मांगा जावेगा आशीर्वाद....











**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** भगवान श्रीराम के समर्पित भक्त, ज्ञान, गुणो के सागर, भक्तों को बल, बुद्धि, अष्टसिद्ध प्रदान करने वाले पवन सुत हनुमान जी का प्राकटोत्सव चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज हनुमान जी के प्रिय दिवस शनिवार को लोगों द्वारा बडे ही हर्ष व उल्लास के बीच मनाया जावेगा। ज्ञात हो कि इस वर्ष शनिवार के दिन हनुमान जयंती पड़ना निश्चित तौर से शुभ संकेत देने से नही चूक रहा है। क्योंकि बीते हुये साल जहां हनुमान जी को प्राकटोत्सव दिवस मंगलवार के दिन पड़ा था जो इस साल शनिवार के दिन होना निश्चित ही शुभ संकेतों की ओर इसारा करते हुये जान पड़ रहा है..। इसी के चलते शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जोर शोर के साथ तैयारियाँ चल रही है। इस वर्ष बड़े ही सौभाग्य की बात है कि बीते हुये कुछ माह पहले इस साल महाकुंभ का आयोजन संपन्न हुआ है। उसी तर्ज पर युवा दल द्वारा हनुमान जयंती मनाने की जो योना बनाई गई वह नगर के लिये आकर्षण का केन्द्र बनी हुइ्र है। वही दूसरी ओर इसी बीच हनुमान जी का जन्मोत्सव शनिवार के दिवस पड़ने के कारण इसका महत्व और बढ़ गया है। इसी के चलते जहां नगर के हर मंदिर में बीते हुये कई दिनों से तैयारिया चलते हुये देखी गई है। वही दूसरी ओर भक्तों द्वारा नगर को भगवा रंग की झंडियों से सजाते हुये पूर्णरूप से भगवामय बना डाला है। इस तरह इस तहर विशेष सिद्ध योग और राजयोग में हनुमान जी का जन्मोत्सव पड़नें से हनुमान जी के आराधकों को भगवान हनुमान जी की पूजा, उपासना, वंदना करने से सुख, शंति, वैभव की प्राप्ति होने के साथ उनकी मनोकामनाएँ पूर्ण होगी। वही युवादल द्वारा अंजनी पुत्र का जन्मोत्सव मनाने के लिये की गई तैयारियों के चलते जहां नगर में आज शाम 4 बजे शहर के प्राचीन हनुमान खप्पर वाले मंदिर से विशाल शोभा यात्रा निकली जावेगी जिसमें अनेक संत महात्मा शामिल होकर सनातन धर्म की रक्षा के लिये संदेश देगे। इस साल महाकुंभ की तर्ज पर बनाई जाने वाली झांकियों का प्रदर्शन देखने मिलेगा। जिसमें वास्तविक महाकुंभ व सोशल मीडिया पर दिखाये गये महाकुंभ की सच्चाई से आमजन को अवगत कराया जावेगा। वही दूसरी ओर इस शोभायात्रा में आये हुये प्रसिद्व अखांडे भी शामिल होकर अनेक प्रकार का प्रदर्शन करेगे। वही सुबह के समय युवा दल द्वारा शहर में एक वाहन भगवा रेला का आयोजन किये जाने की भी पूरी तैयारी की जा चुकी है। वही नगर की बजरंग बाटिका हनुमान मंदिर पर विशेष झांकी बनाई गई है जिसमें हनुमान जी का झूला झुलना मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा। वही बजरंग बाटिका समिति ने हनुमान जन्मोत्सव की बडे जोर शोर से तैयारिया की गई है। इस प्रकार से नगर में जहां संकट मोचक हनुमान जी का जन्मोत्सव पूर्व धूमधाम से मनाने की तैयारी है तो कुछ इसी प्रकार से ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने मिल रहा है। इसी के चलते समीपस्थ ग्राम महगंवा चिर्रिया स्थित सिद्व सरोबर धाम में स्थित भगवान हनुमान मंदिर में भी प्रतिवर्ष हनुमान जयंती के मौके पर विशेष पूज व प्रसादी वितरण का आयोजन चलता था जहां पर हजारों भक्त पहुंचकर भगवान की प्रसादी ग्रहण करते थें। ज्ञात हो कि यहां पर स्थित सिद्व सरोबर स्थल एक ओर जहां हनुमान जी की मनोरम प्रतिमा स्थापित है। वही दूसरी ओर चमत्कारिक सिद्व सरोबर कुंड स्थित है जिसमें 12 माह निर्मल नीर भरा रहने के कारण आकर्षण का केन्द्र बना रहता है। इस कुंड को लेकर हनुमान भक्त ग्राम महगंवा चिर्रिया निवासी गजेन्द्र पटैल द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि जब माँ नर्मदा का जल स्तर बढ़ता है तो इस कुंड का भी बढ़ जाता है और बारिश के मौसम में नर्मदा का जल जब अपना स्वरूप बदता है तो इस कुंड का जल भी उसी स्वरूप में हो जाने के कारण कई वर्षो से इस प्रकार की प्रक्रिया होने के कारण यह बात साबित होती है कि इस कुंड का संपर्क सीधा माँ नर्मदा जी से होने के कारण लोगों का श्रद्वा जुडी हुई है और पूर्णिमा तथा अमावस्या के आलवा प्रति रविवार को यहां पर भक्तों की भीड़ लगती है। इतना ही नही लोग यदि इस कुंड़ में स्नान करते हुए जो अपनी मनोकामना लेकर आते है वह भी पूरी होती है अनेक बीमार लोगों द्वारा इस कुंड में स्नान करने के उपरांत उन्हें हनुमान जी के आर्शीवाद के चलते बीमारियों से भी निजात मिली है। इसी के चलते यह सिद्व सरोबर रूपी कुंड से लोगों की धार्मिक आस्था में बढ़ोत्तरी होने के कारण यहां पर हर वर्ष हनुमान जयंती के पावन अवसर पर मेले जैसा महौल देखने मिलने लगा है। यदि यहां की सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्रीय जनों द्वारा इस सिद्व सरोबर कुंड पर बीते हुए कुछ वर्षो से हनुमान जयंती के मौके पर जिस तरह भक्तों की भीड़ उमड़ने का सिलसिला शुरू हुआ था वह हर वर्ष बढ़ोत्तरी के रूप में देखने मिल रहा था और मेले के रूप में परिवर्तित हो चुका था। जिसके चलते यह सिद्व स्थल लगातार भक्तों का सिर्फ आकर्षण का केन्द्र ही नही बल्कि लोगों की आस्था केन्द्र बन चुका है। वही दूसरी ओर आज हनुमान जयंती के मौके पर शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अनेक धार्मिक आयोजन मात्र सांकेतिक रूप में आयोजित करते हुये पवन पुत्र हनुमान की जयंती भक्तों द्वारा अपने घरों के अंदर रहते हुये श्रद्वा के साथ मनाई जावेगी। क्योंकि इस वर्ष हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष संजोग बना हुआ है पूर्णिमा होने के साथ साथ हनुमान जयंती व हनुमान जी का प्रिय माने जाने वाले दिवस शनिवार का दिन होने से बड़ा ही शुभकारी बताया जात रहा है और निश्चित ही आज हनुमानजी की आराधना के साथ मनाने की तैयारी देखी जा रही है। क्योंकि संपूर्ण नगर जिस तरह भगवामय हो रहा है उसको देखकर लोग हनुमानजी की भक्ति में लीन होने के लिये उतावले होते हुये देखे जा रहे है।

## अभा किसान सभा ने अपने स्थापना दिवस के मौके पर कालेज भवन निर्माण की मांग करते हुये नगर परिषद अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** अखिल भारतीय किसान सभा अपने साथी किसान भाईयों की समस्याओं को लेकर आये दिन सड़को पर उतारकर लड़ाई लड़ते हुये देखा जाता है। मगर अब आमजन के साथ साथ युवाओं की परेशानियों को लेकर भी सदा पहले लाईन में खड़े होते हुये देखा जाने लगा है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा अपना स्थापना दिवस मनाते हुये नगर में कालेज भवन निर्माण की बात को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया। सौपे गये ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि नगर सालीचौका में कालेज बिल्डिंग बनाने के लिये प्रस्तावित है। मगर बीते हुये दिनों कालेज बिल्डिंग के लिये भूमि सर्वे हुआ था। बसुरिया रोड पौडार तिगड्डा, बाबई खुर्द का सर्वे नही किया गया है। जबकि मौजा बाबई खुर्द में शासकीय भूमि लगभग 60-70 एकड़ के करीब खाली पड़ी हुई है। वही मारेगांव रोड से लगी हुई है जिससे छा छात्राओं को आने जाने में सुविधा होगी व पर्यावरण की दृष्टि से उत्तम जगह मानी जा सकती है। कालेज बिल्डिंग यदि पौडार तिगड्डा पर बनाई जाती है तो वह क्षेत्र प्रदूषण होने के कारण कई प्रकार की कठिनाईया होगी। इन सभी दूरगामी दृष्टि को देखते हुये कालेज बिल्डिंग वार्ड क्रमांक 14 या वार्ड क्रमांक 05 में बनाये जाने की मांग की जा रही है। जिससे आसपास के छात्र छात्राओं को सुविधा मिल सके। यदि प्रस्तावित कालेज बिल्डिंग का निर्माण पौडार तिगड्डा पर होता है तो सालीचौका नगर का विकास प्रभावित हो जावेगा। इसी के चलते अखिल भारतीय किसान सभा तहसील समिति मांग करती है कि कालेज विल्डिंग सालीचौका रेलवे लाईन से दक्षिण दिशा में ही बनाया जावे जिससे सालीचौका नगर के विकास को गति मिल सके। इस मौके पर किसान महासभा के अनेक लोगों सहित अन्य नागरिक भी मौजूद थें।

## लोधी सामाजिक एकता की गर्जना को मिली सफलता पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया मामला दर्ज



**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** इस समय सालीचौका पुलिस चौकी क्षेत्र में जिस तरह पुलिस की कार्य प्रणाली देखी जा रही है वह चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अपने अधिकारियों की छबि को दागदार बनाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है..? कुछ इसी प्रकार का मामला बीते हुये दिवस उस समय देखने मिला जब एक युवक के साथ गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी देने के मामले को लेकर पीड़ित पुलिस चौकी शिकायत करने के लिये पहुंचा तो सालीचौका पुलिस चौकी में उसे पुलिस द्वारा कार्यवाही करने लाईक नही होने का मामला बताते मामला दर्ज करने से इंकार कर दिया गया। इसके बाद उसी घटना को लेकर मामला कायम करते हुये कार्यवाही शुरू कर दी गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीते हुये 6 अप्रैल को ग्राम सहावन निवासी मनोज लोधी अपना ट्रेक्टर लेकर कही जा रहा था। उसी दौरान भाजपा पार्षद पुत्र अपनी चार पहिया गाड़ी से जा रहा था। जब चार पाहिया गाड़ी द्वारा ट्रेक्टर चालक से आगे निकलने के लिये रास्ता मागा गया तो रास्ता सकरा होने के चलते ट्रेक्टर चालक द्वारा रास्ता नही दिये जाने के बाद भी लेकर पार्षद पुत्र द्वारा आगे निकलकर मनोज लोधी को गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। इस बात की शिकायत करने के लिये जब मनोज लोधी पुलिस चौकी सालीचौका पहुंचा तो पुलिस द्वारा वहां पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करने की जगह पीड़ित को पुलिस हस्तक्षेत्र-अयोग्य बताते हुये न्यायायल जाने का रास्ता दिखाया गया। इस तरह खुलेआम जान से मारने की धमकी देने के बात जब लोधी समाज के बीच पहुंची तो समाज के लोगों में आक्रोश फैलने से नही चूका और सामाजिक बंधुओं द्वारा एकत्र होकर बीते हुये गुरूवार को जिला पुलिस अधीक्षक के नाम मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुये मांग की गई कि यदि आरोपी सत्ताधारी पार्टी के पार्षद पुत्र के खिलाफ तीन दिन के अंदर कार्यवाही नही की जाती है तो लोधी समाज उग्र विरोध प्रदर्शन करने के लिये विवेश होगी। इस तरह लोधी समाज द्वारा दिये गये ज्ञापन के बाद पुलिस चौकी सालीचौका द्वारा पार्षद पुत्र के खिलाफ मामला कायम करते हुये कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इस तरह लोधी समाजिक संगठन की एकता के चलते एक पीड़ित को मदद दिलाने में सफलता मिलने से नही चूक पाई है। मगर इस घटना के चलते सालीचौका पुलिस की सच्चाई जिस तरह सामने उभर कर आई है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर इस मामले को लेकर जिस प्रकार से सालीचौका पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है उसकी सच्चाई का खुलासा हरिभूमि द्वारा अपने अगले अंक में उजागर किया जावेगा...? वही दूसरी गौर करने वाली सच्चाई यह भी है कि जिस तरह लोगों द्वारा कहा जाता है कि एक लकड़ी को हर कोई तोड़ सकता है। मगर वह लकड़ी किसी गठ्ठे के रूप में एकत्र होती है तो उन्हे तोड़ने वाला कोई नही मिलता है। कुछ इसी प्रकार से लोधी समाज के संगठन में देखने मिल रहा है कि आखिरकार समाज को संगठित होकर रहने से क्या लाभ मिलता है।

## नगर में भारी वाहनों पर निर्धारित समय के लिये लागू की जावे नो एन्ट्री



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सांईखेड़ा क्षेत्र में लगातार विकास की बात तो आये दिन होते हुए सुनी जा रही है, मगर नगर की प्रमुख समस्या को लेकर आज तक निजात दिलाने की ओर किसी भी प्रकार की पहल नही होना जहां क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास के कार्यो पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए देखा जा रहा है? वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी भी इस समस्या के चलते खतरे से खाली दिखाई नही दे रही है। क्योंकि इस समस्या के बीच गरीब लोगों को मौत के मुख्य में बैठकर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए मजबूर देखा जा रहा है? बताया जाता है कि नगर के बीचों बीच से निकला हुआ प्रदेश की राजधानी से जुड़ने वाले स्टैट स्तर के मार्ग पर जिस प्रकार से दिन भर भारी वाहनों की धमाचौकड़ी लगी रहती है, वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे ही लगने वाले साप्ताहित बाजार में दुकानदारी करने वालों के लिए भी खतरे की घंटी बजाते हुए यह वाहन तेज गति से दौड़ रहे है? इतना ही नही इसी मार्ग से जहां नगर के स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है। वही दूसरी ओर अन्य शासकीय कार्यालयों में पहुचने वाले लोगों का भी दिन पर इस मार्ग पर आनाजाना होने क कारण जब इस मार्ग से भारी भरकम वाहनों का निकलना होता है तो आये दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वही दूसरी ओर बाजार के दिन तो यह हाल होता है कि लोगों का निकलना ही मुश्किल हो जाता है। इस सच्चाई को देखते हुए बीते लम्बे समय से लोगों द्वारा सांईखेड़ा में वायपास मार्ग की मांग की जा रही है, मगर इस ओर किसी भी जिम्मेदार द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण जहां आम लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहा है, वही दूसरी ओर किसी दिन कोई बड़ी घटना की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर के मुख्य मार्ग से निकलने वाले भारी भरकम वाहनों की आवाजाही को लेकर नगर के लोगों द्वारा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 3 बजे से 5 बजे तक तथा बाजार के दिन दोपहर 3 बजे से शाम 8 बजे तक नो एन्ट्री लगाये जाने की मांग की जा रही है, लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा इस प्रकार की व्यवस्थाओं के चलते उदासीनता बरती गई तो निश्चित ही किसी दिन सांईखेड़ा बाजार में कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना को नजर अंदाज करना मुश्किल साबित हो सकता है..?

### कार की टक्कर से पहुंची चोट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस गौहरतगंज जिला रायसेन निवासी राजू उर्फ राजेन्द्र पिता छोटे लाल शर्मा उम्र 59 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है किज ब वह बीते हुये दिवस अपने किसी काम मोटर साईकिल लेकर कही जा रहा था उसी दौश्रान ग्राम बम्हौरी ढावा के आगे करेली की ओर से आ रही एक कार के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी कार को चलाते हुये टक्कर मार कर चोट पहुंचाई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## जहां तहां शासकीय हेण्ड पंप में मोटर डालकर निजी लोगों द्वारा कर लिया कब्जा, पानी के लिये भटक रहे ग्रामीणजन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय देखने मिल रहा है कि जहां अनेक गांवों में बिजली की अघोषित हो रहे कटौती के चलत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी को लेकर भटकने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि गांवों में शासन द्वारा लगाये गये हेण्ड पंपों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि उनका जल स्तर नीचे की ओर गिर जाने के कारण वह पानी की जगह हवा उगलते हुये देखे जा रहा है। वही दूसरी ओर जहां पर हेण्ड पंप सही सलामत है तो वहां पर गांव के ही प्रभावशालियों द्वारा इन शासकीय हेण्ड पंपों में अपनी निजी मोटर डालते हुये उन पर कब्जा करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है, जिसके चलते इन प्रभावशालियों द्वारा शासकीय हेड पंपों में डाली गई मोटरों के चलते जहां वह अपने निजी कामों में उपयोग करते हुये अपने घर के वाडो में सब्जी पैदा करते हुये देखे जा रहे है? मगर आम गरीब ग्रामीणजन दो दो बूंद पानी के लिये भटकने के लिये मजबूर होने से नही चूक पा रहे है? इस प्रकार की सच्चाई को लेकर आये दिन प्रशासन को अवगत कराये जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा इस प्रकार से शासकीय हेंड पंपों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही नही किये जाने का परिणाम है कि उनके हौसले लगातार बुलंद होने से नही चूक पाते है जिसके चलते क्षेत्र के अनेक गांवों में आज भी जहां तहां शासकीय हेंड पंपों में निजी मोटर डली हुई आसानी से देखी जा सकती है। यदि इस सच्चाई कुछ ज्यादा ही उजागर होने लगती है तो संबंधित विभाग द्वारा इन प्रभावशालियों को संरक्षण देते हुये उनके द्वारा डाली गई इस प्रकार से नियम विरूद्ध मोटरों पर गांव वालों की सहमति का प्रमाण पत्र का पंचनामा बनबाते हुये कार्यवाही को इतिश्री कर दिया जाता है..? जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों के लिये पीने के पानी को लेकर भटकने के लिये मजबूर होना पड़ जाता है। जबकि नियम अनुसार तो कार्यवाही इस प्रकार से होना चाहिये की किसी भी शासकीय संपत्ति का इस प्रकार से उसके साथ छेड़खानी करने वालों पर सख्त कार्यवाही होना जरूरी होना चाहिये, मगर विभाग की उदासीनता कही जावे या फिर मिली भगत का परिणाम जिसके चलते अनेक गांवों में प्रभावशालियों का आम लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिये शासन की राशि से लगाये गये हेड पंपों पर कब्जा देखने मिल रहा है?

## तेज तपन के बीच अन्नदाता अपनी खून पसीने की कमाई को संभालने में जुटा हुआ

**हरिभूमि न्यूज/ कल्याणपुर।** अक्सर देखा जात है कि जब गांव को किसान किसी बडे नेता के चैम्बर या फिर बड़े शोरूमों पर पहुंचता है तो उसकी भेषबूषा को देखत हुये बाहर खड़े रहने वाले बंदूक धारी इन किसानों को बाहर रोकने से नही चूकते है। मगर इस सच्चाई को लोगों द्वारा भुला दिया जाता है कि आखिरकार वह लोग सुबह शाम आराम के साथ अपना व अपने बच्चों को पेट जिस अन्न के माध्यम से भर रहे है उसको तैयार इसी माटी पुत्र द्वारा किया गया है।

यदि अन्नदाता किसान एक साल अपने खेतों में अनाज तैयार करना रोक देवे तो देश में भुखमरी फैलने से नही चूकती है। क्योंकि जहां देश की रक्षा के लिये देश का पहरेदार जवान तेज धूप हो या फिर बारिश सहित ठंड का दौर कभी वह अपने दायित्वों से पीछे नही हटता है। इसी प्रकार से देशवासियों का पेट भरने वाले किसान की सच्चाई भी इसी प्रकार से देखने मिल रही है। इस समय लगातार बढ़ रहे तापमान के बीच जहां धनवान लोगों से लेकर नेता दोपहर 12 बजते हुये अपने बंगलों में लगे हुये एयर कण्डीशन की हवा में आराम करने के लिये घुंस जाते है। मगर इस दौरान माटीपुत्र किसान अपने अनाज को तैयार करने में जुटा हुआ देखा जाता है। इस बात की सच्चाई इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुये किसानों के खेतों में आसानी से देखी जा सकती है जहां पर किसान अपने खेतों की तैयार हो चुकी फसल को किस तरह संभालने में जुटा हुआ है।


## विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक संपन्न असाक्षरों के सर्वे एवं पोर्टल पर फीडिंग पूर्ण करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** जनपद पंचायत चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र में बीपीएमयू एवं उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक को संबोधित करते हुए विकास खंड शिक्षा अधिकारी नीलम मरावी तथा विकास खंड स्रोत समन्वयक डी के पटैल ने कक्षा पहली, कक्षा छठवीं सहित कक्षा नवमी में प्रवेश की समीक्षा तथा नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों की मैपिंग एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके द्वारा जाति प्रमाण पत्र संबंधित फाइल शीघ्रता से लोक सेवा केंद्र में जमा करने तथा अपार आईडी निर्माण कार्य तत्परता से पूर्ण करने के आलवा पीएम पोषण आहार के मासिक तथा दैनिक मैसेज, खाद्यान्न उठाव, टेक्स्ट बुक वितरण ऐप पर पुस्तकों की रिसीविंग एवं विद्यार्थियों को एप पर वितरण संबंधित कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिये। वही बीएसी अरुण दुबे द्वारा चल रहे अप्रैल माह में जॉयफुल लर्निंग की गतिविधियां विधिअनुसार संपादित करने संबंधित चर्चा की गई। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के समन्वयक सत्यम ताम्रकार एवं लेखराम गौतम द्वारा नवभारत साक्षरता अभियान अंतर्गत सभी जन शिक्षा केंद्रों के सभी ग्राम बसाहटों की समीक्षा करते हुए वार्डवार, ग्रामवार लक्ष्य अनुसार परीक्षा में असाक्षरों के सर्वे, सामाजिक चेतना केंद्र पर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन, मॉनिटरिंग तथा सामाजिक चेतना केंद्रों की साक्षरता पंजी के सतत अद्यतन संबंधित बात कही गई। इस बैठक में बीएसी अरुण दुबे, एमआईएस दीपक श्रीवास्तव, लेखापाल खुशबू ब्रिजपुरिया, अभिषेक पराशर, सत्यम ताम्रकार, अजय नामदेव, संजय सोनी, ललित पाराशर, अनूप पालीवाल, हेमंत पटेल, हरीश गुप्ता, हरिओम स्थापक, देवकरण रजक, वीरेंद्र रघुवंशी, संजय सिंह राजपूत, नेतराम कौरव, अजेश कुमरे, कैलाश कहार सहित अन्य लोग मौजूद थें।



# हनुमान जन्मोत्सव पर आज निकलेगी विशाल वाहन रैली

अमरपुर



हनुमान जन्मोत्सव के सुअवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमंत सेवा समिति अमरपुर, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के सदस्यों एवं आस पास गांवों के धर्मप्रेमी युवाओं द्वारा एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम की श्रृंखला में सुबह 10 बजे बाजार चौक स्थित हनुमान मंदिर में हवन पूजन उपरांत विशाल वाहन रैली मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पुलिस चौकी हनुमान मंदिर होते हुए प्राचीन हनुमान मंदिर रामगढ़ से समनापुर पंचमुखी हनुमान मंदिर में समापन उपरांत शाम को बाजार चौक हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा के बाद आरती के साथ विशाल भंडारे के बाद सभी भक्तजन अपने घरों को ओर प्रस्थान कर पाएंगे। इस पूरे कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हनुमंत सेवा समिति के सभी सदस्यों ने सामाजिक, धार्मिक संगठनों एवं धर्मप्रेमी युवाओं से आग्रह किया हैं। इस विशाल वाहन रैली की स्वागत हेतु विभिन्न गांवों के युवाओं ने भी अपनी अपनी तैयारियां रैली मार्ग में सुनिश्चित की हैं।

# कलेक्टर ने नगर परिषद शहपुरा का किया निरीक्षण

डिंडौरी

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने नगर परिषद शहपुरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर परिषद अधिकारी नगर परिषद शहपुरा एवं स्टाफ के मौजूदगी में बैठक कर नगर पालिका की गतिविधियों एवं बजट का जायजा लिया। नगर पालिका अधिकारी ने पार्क बनाने हेतु भूमि की मांग की। जिस पर तहसीलदार को भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगर में लगे फुटपाथ के किनारे दुकानों को चिन्हित कर निर्धारित स्थानों पर सब्जी मंडी, चौपाटी और बस स्टेण्ड तैयार करने के निर्देश दिए।



साथ ही साथ शहपुरा तहसील में शहर के अन्दर मेन रोड पर सौन्दर्यीकरण बनाए रखने हेतु डिवाइडर तैयार कर सडक के किनारे पेड पौधे एवं लाइट लगाकर एवं नगर को सौन्दर्यीकरण करने के निर्देश दिए। अनुविभागीय अधिकारी शहपुरा को नगर पालिका अधिकारी के साथ समन्वय करते हुए शहपुरा नगर में अमृत सरोवर, पेयजल पाइप लाइन, सीसी रोड, पार्क एवं नेशनल हाइवे पर स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। और जगह जगह आम जनता को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वाटर कूलर लगाने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को पानी सुलभता से मिल सके। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शालनी अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकेश साहू, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, शहपुरा एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, तहसीलदार पुष्पेन्द्र पेन्द्रो, मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत शहपुरा अरविंद बोरकर, सीएमओ सुखमन कुलेश, रितिका सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शहपुरा में संचालित दीदी कैफे का किया निरीक्षण



विकासखंड शहपुरा में संचालित दीदी कैफे का कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने निरीक्षण किया। अवलंतित दीदी कैफे शहपुरा में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने काउंटर पर बैठे मैनेजर संगीता बरमैया से वार्तालाप के दौरान आलुबंडा, डोसा, इडली, पराठा तैयार करने की तरीके पूछे, आपको एक दिन में कितना आय प्राप्त होता है जिसमें बताया गया कि एक दिन में 5 हजार से 10 हजार तक बिक्री होती रहती है जिसमें खाना बनाने वाले कुक से कलेक्टर ने मानदेय के संबंध में पूछा तब कुक ने बताया कि मुझे 10 हजार परिश्रम दिया जाता है। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने डोसा, मंगौडी खाया और साथ ही साथ अन्य अधिकारी ने भी खाकर अच्छी गुणवत्ता बताया। संबंधित दीदी कैफे के संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को और अच्छी बेहतर करने के निर्देश दिए।

## सरस्वती शिशु मंदिर कठौतिया के वार्षिक परिणाम घोषित

**डिण्डोरी।** सेवा भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर कठौतिया मैं कक्षा अरुण से लेकर अष्टम तक के परिणाम घोषित हुआ है जिसमें अरुण में कुमारी याशिता पट्टा 89%, उदय में आरव साहू 89%, प्रथम में प्रसन्न साहू 86%, द्वितीय में प्रतिभा साहू 90%, कक्षा तृतीय में शिवाय साहू 94%, चतुर्थ में कार्तिक तेकाम 91%, पंचम में पलक बर्मन 77%, षष्टम में संतोष कुमार 95%, सप्तम में कृष्णा कन्हैया 93%, एवं अष्टम कक्षा में युवराज साहू 86% के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर कठौतिया के प्रतिभावान छात्र कुमारी परिधि मानिकपुरी एवं खिलेश साहू दोनों का चयन नवोदय विद्यालय 2024 25 में चयन हुआ है। इनके चयन से सरस्वती शिशु मंदिर कठौतिया के शिक्षक स्टॉफ ने दोनों छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## 736 वाहन चालकों पर कार्यवाही 632500 का लगाया जुर्माना

**अनूपपुर।** सड़क दुर्घटनाएं रोकने हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जाकर दुर्घटना के मुख्य कारण जैसे ड्रिंक एंड ड्राइव ओवर स्पीडिंग तथा दुर्घटना घटित होने पर मृत्यु के मुख्य कारण जैसे बिना हेलमेट वाहन चलाना तथा दुर्घटना पर पीड़ित को उचित मुआवजा मिल सके इसके लिए वाहनों के दस्तावेजों की चेकिंग करने के निर्देश जारी किए गए है। जिसके तहत अनूपपुर पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक चालानी कार्यवाही में बिना थर्ड पार्टी बीमा वाहन पाए जाने पर 10 वाहनों पर ,बिना फिटनेस होने पर 6 वाहनों पर , वाहनों में एच एस आर पी नंबर प्लेट ना होने पर 130 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 32 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। प्रदूषण सर्टिफिकेट ना होने पर 20 वाहनों पर कार्यवाही की गई। कुल 736 वाहन चालकों पर कार्रवाही करते हुए 6,32,500 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## ब्लड बैंक यूनिट की मात्रा की जानकारी नियमित बुलेटिन हो जारी जरूरतमंदों के लिए

**अनूपपुर।** रक्त की आवश्यकता जब किसी मरीज को अस्पताल में पड़ती है, तब कई बार ब्लड बैंक में ब्लड उपलब्ध नहीं होता। ऐसी स्थिति में मरीज के परिजन परेशान होते हैं और इधर-उधर भटकते हैं। कई बार समय पर रक्त न मिलने के कारण गंभीर स्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। इसी चिंता को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता आदर्श दुबे ने एक महत्वपूर्ण मांग उठाई है। आदर्श दुबे ने कहा कि ब्लड बैंक यूनिट की उपलब्धता को लेकर रोज़ाना बुलेटिन जारी किया जाना चाहिए, जिससे आमजन को यह जानकारी हो कि किस ग्रुप का ब्लड कहां उपलब्ध है। साथ ही जरूरतमंदों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाए, जिस पर संपर्क करके तत्काल सहायता प्राप्त की जा सके। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया के इस युग में एक ऐसा डिजिटल सिस्टम तैयार किया जा सकता है, जिसमें रक्तदाताओं और जरूरतमंदों का एक सक्रिय नेटवर्क तैयार हो।

# मणिपुर में मध्यप्रदेश का परचम लहराएंगी डिंडौरी की बेटियाँ, राष्ट्रीय टीम में हुआ चयन

**स्कूल गेम्स में डिंडौरी को गौरवः अभिलाषा परस्ते और अंजली कुशराम ने राष्ट्रीय टीम में बनाई जगह**

डिंडौरी न्यूज



डिंडौरी जिले की प्रतिभाशाली छात्राएँ अभिलाषा परस्ते और अंजली कुशराम आगामी 68वीं शालेय राष्ट्रीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह राष्ट्रीय स्पर्धा 15 से 21 अप्रैल 2025 के मध्य इम्फाल (मणिपुर) में आयोजित की जाएगी।यह उपलब्धि कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग के मार्गदर्शन में संचालित शालेय खेल कैलेंडर 2024-25 के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणामस्वरूप प्राप्त हुई है। दोनों छात्राओं ने विद्यालय, विकासखंड, जिला, संभाग, विभागीय राज्य और शालेय राज्य स्तर तक कुल सात स्तरों पर प्रतियोगिताएं जीतकर अपना स्थान सुनिश्चित किया।

सीएम राइज विद्यालय शहपुरा की छात्राएँ अभिलाषा (पिता दिनेश परस्ते) और अंजली (पिता शंकर सिंह कुशराम) को इंदौर में 8 से 12 अप्रैल तक विशेष कोचिंग प्रदान की गई, जिसके उपरांत वे मध्यप्रदेश दल के साथ इम्फाल के लिए रवाना होंगी।जिला क्रीड़ा अधिकारी पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि यह चयन उनकी खेल प्रतिभा, दक्षता और समर्पण का परिणाम है। कोच श्रीमती रमा साहू के मार्गदर्शन में छात्राओं ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।उनकी इस उपलब्धि पर सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग, विद्यालय प्राचार्य यशवंत साहू, डॉ. दिनेश श्रीवास्तव, एवं जिले के अन्य शिक्षकों और खेलप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

# फर्जी लोन घोटालाः आदिवासी युवती के नाम पर 8 लाख का लोन, बैंक मैनेजर और दलाल की साजिश से उजागर हुआ बड़ा खेल

डिंडौरी न्यूज

“जब खुद चोरी करो, तो सबसे पहले चिल्लाओ – चोरी हुई, चोरी हुई!” ये कहावत तहसील मुख्यालय बजाग के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा में सामने आए फर्जी लोन घोटाले पर पूरी तरह सटीक बैठती है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना जैसी लाभकारी योजना को बदनाम करने का यह मामला बैंक अधिकारी और स्थानीय दलाल की मिलीभगत का जीवंत उदाहरण बन चुका है।घटना वर्ष 2023 की है, जब राजेश्वरी मरावी नामक आदिवासी युवती ने प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन कर प्रशिक्षण लिया। योजना का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराना था, लेकिन जब लोन की स्वीकृति का समय आया, तभी से भ्रष्ट तंत्र सक्रिय हो गया। पीड़िता का आरोप है कि सेंट्रल बैंक बजाग के बैंक मैनेजर ने लोन स्वीकृति के एवज में 3.5 लाख की मांग की, जिसमें 2 लाख देने की बात सामने आई है।शुरू से ही इस पूरी प्रक्रिया में संतोष परस्ते नामक दलाल की भूमिका संदिग्ध रही, जो मानगढ़ का निवासी है और आवेदिका तथा बैंक अधिकारी के बीच लगातार संपर्क में रहा। इस साजिश की एक गंभीर कड़ी तब सामने आई जब लोन के सत्यापन के नाम पर किसी और की दुकान की तस्वीर खींचकर उसे आवेदिका की दुकान बताकर बैंक द्वारा स्वीकृति दी गई।धोखा और जालसाजी का ऐसा तंत्र कि आवेदिका को लोन मिलने की खबर भी नहीं हुई!






लोन की संपूर्ण राशि 8 लाख सीधे किसी दुकानदार के खाते में ट्रांसफर हो गई। पीड़िता को न तो व्यवसाय शुरू करने की सामग्री मिली, न ही कोई वित्तीय सहायता। उल्टा उसे लोन की किस्तें भरने का दबाव बनने लगा।मामला तब सामने आया जब किश्तों का भुगतान नहीं होने पर बैंक मैनेजर ने स्वयं थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस दौरान आवेदिका ने सच्चाई सामने रखी और बताया कि उसे न तो लोन की राशि की जानकारी थी, न ही वह इसका लाभार्थी बन सकी। इस खुलासे ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी।सूत्रों की मानें तो संतोष परस्ते वर्षों से क्षेत्र में लोन दलाली का धंधा कर रहा है और कई बैंक अधिकारियों से उसके करीबी संबंध हैं। गरीब और आदिवासी युवाओं को स्वरोजगार के नाम पर फंसाना उसका मुख्य जरिया रहा है। अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह अकेला मामला है, या इसी तरह और कितनों को योजनाओं के नाम पर ठगा गया है।

**थाना प्रभारी के अधीन चल रही जांच में यह स्पष्ट होगा कि बैंक मैनेजर की भूमिका कितनी गहरी है ?**

**दलाल संतोष परस्ते के और किन-किन बैंक अधिकारियों से संबंध हैं ?**

कितने और युवा इस गिरोह के शिकार हुए हैं?

यह मामला सिर्फ एक आदिवासी युवती की ठगी तक सीमित नहीं, बल्कि यह शासन की कल्याणकारी योजनाओं में सेंध लगाने वाला ऐसा बड़ा उदाहरण है, जो पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े करता है। प्रशासन और पुलिस की जिम्मेदारी अब यह सुनिश्चित करने की है कि जांच निष्पक्ष हो और दोषियों को कठोर सजा मिले।कहीं ऐसा न हो कि यह मामला भी शोर-शराबे में दफ्न हो जाए, और आदिवासी युवा एक बार फिर भरोसा खो दें सरकारी योजनाओं पर।

# डिंडौरी में महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न, कलेक्टर नेहा मारव्या ने दिए आवश्यक निर्देश

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने शहपुरा में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं से चर्चा करते हुए उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति की जानकारी ली।कलेक्टर ने प्रत्येक केंद्र में पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बाउंड्री वॉल की उपलब्धता तथा मीनू के अनुसार पोषण आहार वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि कुपोषित बच्चों की नियमित जांच की जाए और उन्हें आवश्यक पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए।बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग और विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्रियों को तीन दिवस के भीतर सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं विद्युत सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा, कलेक्टर ने प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र में 5-5 फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे न केवल जलस्तर बना रहेगा, बल्कि बच्चों को प्राकृतिक रूप से फल भी उपलब्ध हो सकेंगे।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनिल कुमार, अनुविभागीय अधिकारी श्री ऐश्वर्य वर्मा, तहसीलदार श्री पुष्पेन्द्र पन्द्रो सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हाथियों के ताण्डव से परेशान ग्रामीण

**जमीन में नहीं पेडों पर बनाया आशियाना**

**हाथियों और ग्रामीणों के बीच द्वंद पर निष्क्रिय जिला प्रशासन**



**अनूपपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को पार कर एक दांत वाला एक हाथी विगत 22 दिनों से तथा दो हाथी विगत 14 दिनों से अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके के जंगल में डेरा जमाए हुए हैं एक सप्ताह से अधिक समय से तीनों हाथी दिन एवं रात में जंगल के अंदर रहकर समय ब्यतीत कर रहे हैं जबकि गुरुवार की रात तीनों हाथियों द्वारा एक घर में तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखे सामान को खाया वही एक बैगा जनजाति समुदाय का युवक हाथियों के डर से पूर्व में अनेकों वार हाथियों द्वारा तोड़े गए घर के समीप एक पेड के ऊपर खाट रखकर शाम होते ही पेड के ऊपर रहकर हाथियों के विचरण पर निगरानी रख रहा है। एक दांत वाला नर हाथी विगत 20 मार्च के दिन रात 41 दिन बाद फिर से छत्तीसगढ़ राज्य के कटघोरा वन मंडल में स्थित अपने 40 से अधिक हाथी साथियों के समूह से अलग होकर मरवाही वन परिक्षेत्र एवं वन मंडल सीमा को पार करते हुए अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में प्रवेश कर जैतहरी,अनूपपुर एवं राजेंद्रग्राम इलाके में विचरण करने बाद अपने दो साथियों के जिसमें एक बड़ा तथा एक छोटा आकार का हाथी है जो संभवत पहली बार अपने समूह से अलग होकर विचरण करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र की सीमा को पार करते हुए 29 मार्च की रात वन परिक्षेत्र जैतहरी के धनगवां एवं चोलना बीट के जंगल में प्रवेश कर निरंतर जंगल के अंदर ही दिन-रात रह रहे हैं जिसके साथ 5 अप्रैल की सुबह एक दांत नर हाथी के मिल जाने से तीनों हाथी एक साथ विचरण कर रहे हैं गुरुवार की रात कई दिन बाद तीनों हाथी ग्राम पंचायत कुकुरगोंड़ा के कोसमटोला में झुमुकलाल पिता आलमशाय सिंह के घर में अचानक पहुंचकर तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखी खाने की सामग्री को अपना आहार बनाते हुए शुक्रवार के दिन धनगवां बीट के जंगल जो ग्राम पंचायत क्योटार के कुसुमहाई गांव से लगा हुआ है जिसमें तीनों हाथी सातवें दिन ठहरकर विश्राम कर रहे हैं। इस जंगल के अंदर तेंदू, बांस, गुंजा सहित अनेको प्रजाति के पेड़ बहुतायत मात्रा में होने आमापानी, जुगवारी धार एवं सोननदी मे पानी पीकर विभिन्न तरह के पेड़ों को अपना आहार बना रहे हैं। हाथियों के निरंतर विचरण पर वनविभाग द्वारा दो तरह के गस्ती दल तैयार कर पूरी रात हाथियों के विचरण पर ग्रामीणों की मदद से सूचनायें प्राप्त कर निरंतर निगरानी की जा रही है वही ग्राम पंचायत क्योटार के कुसुमहाई गांव से लगे पाड़ाडोल जो जंगल से लगा हुआ है में दऊवा बैगा नामक युवक जिसके आसपास के दो-तीन घरों को अनेको बार हाथियों द्वारा आने एवं जाने का मार्ग बना रखा है में तोड़फोड़ कर नुकसान किए जाने के कारण घर के पास स्थित एक पेड़ के ऊपर अपना उपयोगी सामान बांध कर,रख कर एक खाट को पेड़ में चढा कर रखकर रात में अकेले रहकर हाथियों के विचरण पर निगरानी रख रहा है उसके तथा उसके पड़ोसियों के द्वारा शाम होते ही अपने परिवार के अन्य सदस्यों को हाथियों के डर एवं सुरक्षा की दृष्टि से बीच गांव, बस्ती में ग्रामीण जनों के घरों में निरंतर ठहरा देता है।

## झारखण्ड के रामगढ़ जिले की खोई बालिका को मिला अपना बिछड़ा परिवार

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले में लगातार बिछड़ों को अपनों से मिलाने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 22 मार्च को रेलवे पुलिस द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचित किया गया कि रेलवे प्लेटफार्म में एक 15 वर्षीय बच्ची घूमती हुई मिली है। तत्पश्चात बच्ची को रेलवे पुलिस तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले द्वारा बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा नियमानुसार बाल कल्याण समिति द्वारा बालिका के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए बालिका को अस्थाई आश्रय प्रदान करने हेतु वन स्टॉप सेंटर अनूपपुर में प्रवेशित किया गया। बालिका की काउंसलिंग वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर द्वारा की गई जिसमें बालिका ने अपना पता जिला रामगढ़ राज्य झारखंड बताया। तत्पश्चात जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी जिला रामगढ़ राज्य झारखंड से संपर्क किया गया, जिसमें बालिका का पता ग्राम हेसला जनता नगर थाना पतरातु जिला रामगढ़ होना पाया गया एवं बालिका की बड़ी बहन श्रीमती रेखा देवी से सम्पर्क किया गया। बालिका की बहन रेखा देवी बालिका से बात कर अत्यधिक प्रसन्न हुई एवं भावुक होकर भाव विभोर हो गई। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 में विहित प्रावधान अनुसार बालिका की सामाजिक जांच रिपोर्ट प्राप्त कर बालिका को परिवार के सुपुर्द किए जाने हेतु आहूत किया गया।

# जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित



**डिंडौरी ।** शुक्रवार को डिंडोरी जिले के विभिन्न विकासखंडों में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्वच्छता एवं विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें समनापुर विकासखंड के ग्राम छिंदगांव में नवांकुर संस्था सामाजिक समरसता सेवा समिति द्वारा हैंडपंप के आसपास साफ-सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसी प्रकार से बजाग विकासखंड के ग्राम भुरसी में वसुंधरा ग्राम विकास समिति ने चकरार नदी में सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया। कंरजिया विकासखंड के ग्राम मेढाखार में ग्रामीण विकास संस्थान समिति अमलडीहा द्वारा दीवार लेखन और सफाई कार्य किया गया। शहपुरा विकासखंड के ग्राम कहंजरा में स्वामी विवेकानन्द नवयुवक मंडल और ग्राम विकास समिति द्वारा तालाब की सफाई कर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई।

## अमरकंटक में रिमझिम फुहार से मौसम सुहावना

**अमरकंटक।** प्रदेश का प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में आज संध्याकाल सवा चार बजे से साढे चार बजे तक 15 मिनट तथा शाम पौने छः बजे हुई रिमझिम रिमझिम बारिश की फुहार से अमरकंटक नगर का मौसम एक बार फिर अत्यधिक सुहाना हो गया तापमान जो दोपहर में 31 डिग्री सेल्सियस चल रहा था वह वर्षा से 28 डिग्री सेल्सियस आ गया जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ अप्रत्याशित ढंग से हुई वर्षा के कारण यहां का मौसम अत्यंत सुहाना एवं ठंडक भरा हो गया है इस मौसम का आनंद आए पर्यटक तीर्थ यात्री एवं भक्त श्रद्धालु गण खूब मजे के साथ उठाते रहे। यह भी उल्लेखनीय है कि जब भी अमरकंटक का मौसम का तापमान 32/ 33 डिग्री सेल्सियस पर आता है निश्चित तौर पर वर्षा होती है इससे पवित्र नगरी अमरकंटक का मौसम सुहाना होता है तथा ठंडक भरा होता है।

# घायल हुए दो व्यक्तियों को डायल 100 ने पहुँचाया अस्पताल

**अनूपपुर।** अनूपपुर के थाना राजेन्द्रग्राम क्षेत्र में सल्हारो गाँव के पास मोटर साईकिल फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 10-04-2025 को मध्यरात्रि में प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल राजेन्द्रग्राम थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया।डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक विमल सिंह एवं पायलेट दिनेश लाल ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि रैतवार करंजिया जा रहे दो व्यक्ति अज्ञात बोलेरो से क्रॉसिंग के दौरान मोटर साईकिल से गिरकर घायल हो गए थे। डायल-112/100 जवानों ने घायल प्रेमनारायण एवं श्याम सिंह दोनों निवासी रैतवार को एफ आर व्ही वाहन से ले जाकर शासकीय अस्पताल पुष्पराजगढ़ अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### विधायक श्री पटेल ने तालाब में किया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल नगर परिषद तेंदूखेड़ा स्थित तालाब में श्रमदान किया। यह श्रमदान वन विभाग, तिंसा फाउंडेशन और नगर परिषद के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस अभियान में प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अभियान में कॉलेज के विद्यार्थी भी अपनी स्वेच्छा से श्रमदान में भाग ले रहे हैं। विधायक श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में जो कदम उठाया गया है, वह सराहनीय हैं। जल है तो कल है, प्रकृति के साथ हमारा सदैव संबंध रहा है। हमें यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि हम आने वाली पीढ़ी के लिये जल को सुरक्षित रखेंगे। पृथ्वी पर जल सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है, जीवन के लिए जल संरक्षण अपरिहार्य है। यह अनमोल संसाधन संरक्षित रहे इसके लिए राज्य शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक भैयाराम पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र गंगोलिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना पटेल, डालचंद पटेल, शिवदयाल खेरोनिया, मंजू सोनी, मंडल अध्यक्ष सोनू महाराज, गुड्डू ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे।

### आटो पलटने से युवक घायल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशन गंज के डोकर घाट के पास ऑटो पलटने से युवक घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोनू चौधरी निवासी सलैया ऑटो से अपने घर जा रहा था तभी डोकर घाट के पास ऑटो पलट गया जिससे युवक घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### जिले में ऐतिहासिक आयोजन सम्पन्न

# जगत जननी मां के जयकारों की रही गूंज

## अखाड़ों के कलाकारों ने दिखाया करतब, आकर्षण का केन्द्र रही झांकिया





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। शुक्रवार को स्थानीय सदर मढिया मे स्थापित सार्वजनिक जवारों का विसर्जन किया गया। जवारों की शोभायात्रा व चल समारोह सुबह लगभग 8 बजे से किया गया जो शाम 4 बजे तक चलता रहा। चल समारोह के दौरान जगह - जगह भव्य स्वागत किया सत्कार किया गया एंव लोगों द्वारा भंडारो का वितरण किया गया। नरसिंहपुर जिले का ऐतिहासिक जुलूस को देखने के लिये सम्पूर्ण जिले से एकत्र होते है साथ आसपास के कई जिले के लोग नरसिंहपुर जुलूस देखने पहुंचते है सदर मढिया के जवारों का जुलूस एक ऐतिहासिक स्वरूप मे होता है। शुक्रवार को सार्वजनिक सामूहिक जवारा समिति के तत्वावधान में सुबह तकरीबन 8 बजे से सदर मढ़िया परिसर से जवारा विसर्जन की शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। अग्रिम पंक्ति में शहर भर के अखाड़ों के करतबबाजों के अलावा झांकियों के साथ 751 घटकलश सिर पर रखकर चल रहीं महिलाएं, युवतियां, किशोरियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इनके पीछे मातारानी की मनमोहक प्रतिमा और जिलेभर से आए पुरुष-महिला श्रद्धालु, धार्मिक-सांस्कृतिक समितियों के सदस्य चलते रहे हैं। सदर मढ़िया परिसर से 10 बजे शुरू हुई ये शोभायात्रा नगरपालिका चैराहा, सुभाष पार्क चैराहा से होते हुए, मुख्य मार्ग सिंहपुर चैराहा, राम मंदिर, एल आई सी, सुनका चैराहा, गुदरी, सराफा होते हुये, गुरूद्वारा, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र, पुत्री शाला, मेन रोड से सुभाष पार्क चैराहे पर आकर शाम करीब 4 बजे समापन किया गया।



### आस्था का उमड़ जनसैलाब

सामूहिक जवारे उत्सव समिति के तत्वाधान में धूमधाम से दुर्गा प्रतिमा एवं जवारा कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, इससे दोनों जगह आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा, लोग शोभायात्रा के स्वागत के लिए उमड़ पड़े। भक्ति के उल्लास में डूबे भक्त मुंह, गाल से लेकर शरीर के विभिन्न हिस्सों में बाना छेदकर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे। सिर पर घटकलश लिए चल रहीं मातृशक्तियों के पैर सड़क पर गर्मी की वजह से न तपें, इसके लिए पूरे यात्रा मार्ग को शीतल रखने भक्त स्वस्फूर्त भाव से पानी का छिड़काव कर रहे हैं। इस शोभायात्रा में शामिल होने के लिए शहर व आसपास के गांवों के अलावा करेली, गोटेगांव, गाडरवारा, तेंदूखेड़ा तहसील से बड़ी संख्या में युवा, बच्चे, बुजुर्ग पहुंचे।

### अखाड़ों के पहलवानों ने दिखाया करतब

जवारा विसर्जन यात्रा में पूर्व की तरह इस वर्ष भी नगर सहित आसपास क्षेत्र के अखाड़े शामिल हुए तथा हैरतअंगेज प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित किया। पटा बनैटी, लेजम , खंब आदि के करतबों का प्रदर्शन हुआ। जवारा विसर्जन के दौरान निकली शोभायात्रा में अनेक लोगों ने श्रद्धा एवं आस्था के प्रतीक माँ के बाने धारण किए, इस बार बाना धारण करने के लिए होड़ मची रही हर आयु वर्ग के लोगों के साथ बच्चे भी बाना धारण करने में पीछे नहीं रहे। अखाड़ों के पहलवान, शिक्षार्थियों द्वारा इस दौरान बाना-बनैटी समेत परंपरागत अस्त्र-शस्त्रों का रोंगटे खड़े कर देने वाला प्रदर्शन किया गया।



### आकर्षण का केन्द्र रही झांकियां

जिले का सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस आयोजन के लिये पूर्व से ही भारी तैयारियां कर ली गयीं थीं। नगर में जगह जगह स्वागत द्वारा बनाये गये थे जिसके साथ स्वागत तथा पूजन की व्यवस्था की गयी थी। शोभायात्रा में आगे आगे अखाड़ा तथा बड़ी संख्या में गालों में बाना छेदे अनेक देवी भक्त चल रहे थे जिसके बीच बैंड पर देवीगीतों की शानदार धुन बज रही थी। इसके पीछे ढोल देवी भगतों की धुन बजा रहे थे तथा महिलाऍं भगतों का सस्वर गायन कर रही थीं। इसके पीछे सौम्य देवी प्रतिमा की आकर्षक झांकी थी एवं बड़ी संख्या में जवारा घट सिर पर रखे महिलाऍं चल रही थीं। इस शोभायात्रा में देवी के परम्परागत बाने के साथ लोग शामिल थे जिनमें से अनेक भाव में लीन होकर झूम रहे थे। वहीं बाहर से आये कलाकारों का डांस आकर्षण का केन्द्र रहा। चलित झांकियों में विभिन्न देवी देवताओं की झांकी, वेशभूषा में बच्चे, युवा, बालिकाओं की देव मुद्राएं मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे।

### जगह - जगह हुये भंडारे आयोजित

शोभायात्रा के दौरान यात्रा में शामिल लोगों की सुविधा के लिए श्रद्धाभाव में डूबे धर्मप्रेमी नागरिकों सामाजिक धार्मिक संगठनों ने जगह-जगह पर भंडारे की व्यवस्था की, विभिन्न प्रसाद की प्रसादी, फलों के साथ-साथ शरबत सहित शीतल पेय पदार्थ एवं शीतल जल की व्यवस्था की गई। भंडारे के आयोजन में साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल देखने मिली। जवारा घटकलशों की शोभायात्रा में सभी राजनीतिक दलों के नेता, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता, राजनैतिक व सामाजिक संगठन, युवा, कंधे से कंधा मिलाकर व्यवस्थाओं में सहभागिता दी गईं। सभी ने शहर के विभिन्न मार्गों पर शोभायात्रा में शामिल भक्तों की प्यास शरबत, ठंडे पानी से बुझाने, स्वल्पाहार के लिए व्यवस्थाएं की गई। सभी धार्मिक उल्लास के रंग में रंगे नजर आयें और मातारानी की भक्ति में सराबोर रहे। सार्वजनिक जवारा समिति के सदस्य भी मोर्चा संभाले हुए हैं। शोभायात्रा के आगे बढ़ने के साथ ही स्वयंसेवक पानी पाउचों, डिस्पोजल की सफाई कर रहे हैं ताकि मार्ग पर कचरा न फैल सके।



### 26 वर्षो से की जा रही है जवारों की स्थापना

नगर में चली आ रही गत 26 वर्ष की परम्परा को अक्षुण्य रखते हुए सामूहिक जवारा समिति के तत्वावधान में इस 26 वर्ष में भी श्रृद्धा एवं उत्साह के साथ जवारों की स्थापना की गयी थी जिनके साथ मां शक्ति की एक सौम्य प्रतिमा भी स्थापित की गयी थी। बैठकी के दिन से शुरू हुई शक्ति आराधना के पांचवे दिन पंचमी को स्थापित जवारों की 9 दिवस से भी अधिक चली अनवरत पूजा अर्चना के पश्चात शुक्रवार को उनकी शोभायात्रा निकाली गई जिसमे भस्म रमैयाभक्त मंडल वाना मंडलियों के साथ ढोल नगाड़े आकर्षण का केन्द्र रहे। समिति के अध्यक्ष महंत पीतमपुरी, मुख्य पंडा कोमल प्रसाद पटेल सहित समिति के सदस्य गण जुलूस के दौरान मौजूद रहे। वही शोभायात्रा में मंत्री प्रहलाद पटेल, जालम सिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उक्त मौके पर प्रशासन भी चैकस रहा। पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका सहित अन्य अधिकारियों की सतत निगरानी रही। शोभायात्रा के दौरान एक एंबुलेंस भी उपलब्ध रही ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल सुविधा मुहैया कराई जा सके।

# मंत्री श्री पटेल ने विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने करेली जनपद पंचायत रीछई में लगभग 50 लाख रुपए की लागत के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र, दाने दादा से मृगेन्द्रनाथ धाम की ओर सुदूर सड़क, सामुदायिक भवन एवं आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक दो का लोकार्पण और खेल मैदान समतलीकरण सीढ़ी एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र सिंह ठाकुर, रामसनेही पाठक, अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामवासी मौजूद थे। यहाँ मंत्री श्री पटेल एवं अन्य अतिथियों ने प्रमोद कुमार चैधरी का सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए श्री चैधरी द्वारा अपनी भूमि दान स्वरूप प्रदान की गई है। इसके पश्चात मंत्री श्री पटेल देवपुर के मृगेन्द्रनाथ जी मेला पहुंचे। यहां उन्होंने धाम पर जाकर दर्शन कर पूजा- अर्चना की और गौशाला पहुंचकर गौमाता को खीर-पुरी खिलाई। कार्यक्रम में मंत्री व अन्य अतिथियों ने संगीत मंडली को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



मंत्री श्री पटेल कहा कि आज श्री मृगेंद्रनाथ धाम आने का अवसर मिला है। यह धाम बहुत प्राचीन है। यहाँ से गहरा नाला का उद्गम हुआ है जो नर्मदा नदी में जाकर मिलता है। जिले में ऐसी बहुत कम नदियाँ है, जो नर्मदा में समाहित होती है। इस संबंध में उन्होंने सागर जिले के केसली जनपद के खैरी गांव का उल्लेख करते हुए बताया कि यह दो नदियों सुनार और सिंदूर का उद्गम स्थल है।मंत्री श्री पटेल ने बताया कि उनके गुरु परम पूज्य श्री श्री बाबा श्री जी ने कहा था कि नदी का उद्गम ऊर्जा और नदी का संगम जीवन देता है। हमने अपने लालच के लिए जल का दोहन तो किया है लेकिन उसके संचयन के लिए ध्यान नहीं दिया। मृगेंद्रनाथ धाम के समीप गहरा नाला बारहमासी नहीं है, हमें इसके कारणों को जानना होगा ताकि हम इसमें जल संरक्षित कर सके। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि राज्य सरकार जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। छोटी नदियों और जल स्त्रोतों के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए न केवल प्रशासन बल्कि आम नागरिकों की जन भागीदारी भी आवश्यक है। छोटी- छोटी जल संरचनाओं को यदि हम सुरक्षित करते हैं तो भविष्य में जल संकट से बच सकते हैं और इसी उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश भर में वृहद स्तर पर शुरू किया गया है, जिससे हमारे जलाशयों की सफाई, छोटी नदी, तालाब आदि जल संरचनाओं को संरक्षित किया जा सके और पौधारोपण किया जा सके। सभी की भागीदारी से ही इस अभियान की सफलता है। हमें एकजुट होकर जल संरक्षण के लिए काम करना होगा। प्रकृति का अनुपम वरदान है जल। इसे हमें अपने और भावी पीढ़ी के लिए बचाना होगा। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महावीर जयंती

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस सनातन परम्परा के प्रकाशित सूर्य व जियो और जीने दो का महान संदेश देने वाले तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती नगर में हर्षोल्लास व भक्ति-भाव और श्रद्धा के साथ मनायी गयी। नगर के स्टेशन,कंदेली व नरसिंहपुर बस्ती दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन मंदिरों में प्रातः से पूजन, अभिषेक, शांतिधारा, आरती और पाठ किये गये। वहीं कंदेली स्थित दिगम्बर एवं श्वेतांबर जैन मंदिर से नगर का भ्रमण करती हुयी श्री जी की शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का स्वागत व श्रीजी की आरती सभी वर्गो के लोगों कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शोभायात्रा में अनुशासन और श्रद्धा के साथ भक्ति के उत्सव का भाव रेखांकित किया गया। इस पर शोभायात्रा में शामिल लोगों ने एक स्वर में भगवान महावीर के संदेशों का उद्घोष कर वातावरण में धर्म मय ध्वजा फहरा दी। सारे संसार का मंगल हो,यही कामना करते हैं,जो प्रेम प्रीत की शिक्षा दे,वही धर्म हमारा संबल हो के भजन को शोभायात्रा में लोगों ने गाकर इस भव सागर से पार होने की भावना भायी।भगवान महावीर के संदेशों ओर उपदेशों व शिक्षाओं का गान करती महिलाओं व बच्चे व बालिकाओं ने एक अलग ही छटा बिखेरी। शोभायात्रा भ्रमण के दौरान श्री जी की आरती जगह जगह की गयी। आरती करते समय श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर की शिक्षाओं ओर प्रेरणाओं



को आत्मसात करने का आचरण से मन बनाया। दोपहर में नवयुवकों ने वाहन रैली निकाली। सामाजिक संस्थाओं के साथ नगर वासियों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। दोपहर के समय जैन मंदिरों में विशेष पूजन के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। रात्रि 7 बजे से महाआरती, शास्त्र वाचन के साथ भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ साथ धार्मिक ज्ञान को बढ़ाने व जानने के लिए प्रश्नोत्तरी का जिज्ञासा पूर्ण कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में सभी लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा ने लिया। सभी जैन मंदिरों में आकर्षित साज-सज्जा के साथ मन भावन विद्युत लाईटिंग पर लोगों का बरबस ही ध्यान आकर्षित किया।

## भाजपा का विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

**तेंदूखेड़ा**। विगत दिवस भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।कलश गार्डन परिसर में पार्टी के मार्गदर्शक रहे डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण से तथा वंदेमातरम राष्ट्रीय गीत से सम्मेलन की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष गण नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

### कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़

सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी की रीढ़ हमारे सभी मेहनती कार्यकर्ता ही जिनके परिश्रम से ही पार्टी इस मुकाम तक पहुंची है।पीएम मोदी के नेतृत्व में देशवासियों के बीच विश्वास और उम्मीद का प्रतीक बन गया है। उन्होंने पार्टी के कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी ने पिछले दस वर्षों में सेवा सुरक्षा और सांस्कृतिक जागरूकता के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है।

### भाजपा पार्टी नहीं एक विचारधारा

भाजपा के जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक दल नहीं बल्कि एक विचारधारा है जिसका ध्येय राष्ट्र निर्माण है जन कल्याण है। सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला सूत्र है भारत के सांस्कृतिक मूल्य हमारी निष्ठाएं और भारत के परम वैभव को प्राप्त करने का संकल्प और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इन्हें प्राप्त करेंगे।*लोकतंत्रीय व्यवस्था को मजबूती से अपनाया है* भाजपा के वरिष्ठ आधार स्तंभ नेता राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि भाजपा एक ऐसा राजनीतिक दल है जो हर तीसरे साल स्थानीय समिति से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक के नियमित चुनाव कराता है। यही वजह है कि चाय बेचने वाला युवक देश का प्रधानमंत्री बना है। और इसी तरह सभी प्रतिभावान लोगों का पार्टी के अलग-अलग स्तरों से लेकर चोटी तक पहुंचना संभव होता रहा है। सम्मेलन को क्षेत्रीय विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल सहित विभिन्न कार्यकर्ताओं ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता ही पार्टी को स्थापित करने का काम करता है और कार्यकर्ता की सक्रियता से ही पार्टी के लिए नेतृत्व मिलता है। उक्त अवसर पर अभिलाष मिश्रा भैयाराम पटेल रमाकांत शर्मा अवधेश पटेल वीरेंद्र सिंह विष्णु शर्मा हरगोविंद पटेल हरिप्रताप ममार राहुल ममार धनंजय पटेल देवेंद्र गंगोलिया देवराज कश्यप वंदना पटेल प्रताप कौरव बृजेंद्र पटेल सोनू महाराज सहित सभी वरिष्ठ जन सभी कार्यकर्ता गण मातृशक्ति उपस्थित रही।

# श्री हनुमान प्राकट्योत्सव समारोह आज





**तेंदूखेड़ा**। आज 12 अप्रेल संकटमोचक पवनसुत श्री हनुमान जी महाराज के प्राकट्योत्सव को लेकर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में विविध धार्मिक आयोजन आयोजित किए गए हैं। इसी श्रंखला के चलते श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार में 10अप्रेल से शुरू हुये अनुष्ठानात्मक कार्यक्रम के तहत श्री राम रक्षा स्त्रोत पाठ श्री हनुमत कवच पाठ चालीसा पाठ सहस्त्रार्चन श्री शिव जी नमक चमक रुद्राभिषेक आयोजित किया गया। आज दोपहर हवन पूजन अर्चन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

### महा आरती में उमड़ा जनसैलाब

इन तीन दिवसों में रात्रि आठ बजे से संगीतमय महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें गायत्री परिवार किराना व्यापारी संघ कीटनाशक संघ स्वर्ण कार ऐसोसिएशन कृषि मंत्री निर्माता संघ सहित नगर के सभी वर्गों के लोगों ने अपनी अपनी सहभागिता निभाते हुए महाआरती में भाग लिया।
आज 12 अप्रैल को संगीतमय सुंदरकांड पाठ चालीसा पाठ महाआरती का आयोजन किया गया है। नगर के सभी प्रतिष्ठित संगठनों सेवाभावी गतिविधियों में संलग्न रहने वाली संस्थाओं गणमान्य श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील आयोजक मंडल द्वारा की गई है।

### नगर के हनुमान मंदिर में होंगे विविध आयोजन

श्री हनुमान प्राकट्योत्सव को लेकर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में भी आज 12 अप्रेल की विशेष तैयारी की गई है।इस मौके पर राजमार्ग के समीप श्री पांडाझिर हनुमान मंदिर करोंदी घाट में स्थित हनुमान मंदिर हरसिद्धि मंदिर परिसर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर टाल मुहल्ला कन्या शाला वार्ड क्रमांक 08 09 श्री राम घाट स्थित हनुमान मंदिर वार्ड क्रमांक 11 श्री हनुमान मंदिर तथा उमरपानी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर झिरी घाट स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ चालीसा पाठ महाआरती प्रसादी वितरण तथा श्रीराम घाट मंदिर परिसर से बाहन चालक संघ विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकाली जाएगी। तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अखंड रामायण पाठ सुंदरकांड पाठ भजन कीर्तन आयोजित किए गए हैं।